केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

सीबीएसई/प.नि./समन्वय/कंपार्ट./प्रैक्टिकल-Iए/2021 12/08/2021

सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्य/संस्थानों के प्रमुख
(सीबीएसई वैबसाइट के द्वारा)

विषय : बारहवीं कक्षा के छात्रों की कंपार्टमेंट परीक्षाओं के साथ प्रैक्टिकल परीक्षा/आंतरिक आकलन/निर्धारण/ परियोजना आकलन/निर्धारण के संचालन के संबंध में।

कुछ छात्रों को बारहवीं कक्षा के परिणाम में कुछ विषयों में आरपी (पुनः प्रैक्टिकल) श्रेणी में रखा गया है। इन सभी छात्रों को प्रैक्टिकल परीक्षा/आंतरिक निर्धारण/ परियोजना निर्धारण और थ्योरी परीक्षा में भी अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।
स्कूल और छात्र कृपया इस संबंध में आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए निम्नलिखित नोट करें :

1. **कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए आवेदन**
   यह सुनिश्चित किया जाए कि स्कूल इन छात्रों के नाम थ्योरी भाग में भी कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए 25 अगस्त, 2021 से निर्धारित परीक्षा हेतु जमा करें।

2. **प्रैक्टिकल परीक्षाओं/आंतरिक निर्धारण/परियोजना निर्धारण का संचालन**
   यह ध्यान दिया जाए कि आरपी (पुनः प्रैक्टिकल) श्रेणी में रखे गए सभी अभ्यर्थियों के संबंध में प्रैक्टिकल परीक्षा / आंतरिक निर्धारण / परियोजना निर्धारण आयोजित करने के बाद स्कूल केवल **ऑनलाइन मोड** में क्षेत्रीय कार्यालयों को अंक जमा करेंगे। यह सुनिश्चित किया जाए कि स्कूल इन आकलनों के लिए छात्रों को प्रत्यक्ष रूप से नहीं बुलाएंगे, जब तक कि संबंधित राज्य सरकार द्वारा उनके अधिक्षेत्र के संबंधित क्षेत्रों में विशेष रूप से अनुमति नहीं दी जाती है। पूर्व में नियुक्त परीक्षक से इसके लिए अनुरोध किया जाए।

   प्रक्रिया पूरी की जाएगी और अंक संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को 31.08.2021 तक निश्चित रूप से भेजे जाएंगे।

(डॉ. संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक

सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ वेब एडमिन को **प्रतिलिपि** ।

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
"SHIKSHA KENDRA" 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in